उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड का विकास
मेरा संकल्प, आपका विश्वास



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना
सर्वश्रेष्ठ बने
उत्तराखण्ड
अपना

प्रिय उत्तराखण्ड वासियों,

देवभूमि उत्तराखण्ड में एक बार पुन: ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुझ जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले सैनिक पुत्र पर आपने जो विश्वास व्यक्त किया है वो अप्रतिम है। आपके विश्वास ने मुझमें एक नई ऊर्जा का संचार किया है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि मैं इस ऊर्जा का उपयोग राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। मेरा एक एक क्षण, प्रदेश के जन गण मन के लिए समर्पित रहेगा।

राज्य की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए मैंने 'विकल्प रहित संकल्प' के मंत्र को अपनाया है। इस संकल्प सूची में राज्य को देश में सर्वश्रेष्ठ बनाना, जनता की आशाओं-आकांक्षाओं को पूर्ण करना, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की अवधारणा को धरातल पर मूर्तरूप देना, सरलीकरण- समाधान- निस्तारीकरण की नीति को अपनाकर जन संतुष्टि सुनिश्चित करना और अंत्योदय को ध्येय मानकर कार्य करना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से और प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम इन संकल्पों को पूर्ण करने में अवश्य सफल होंगे।

कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं
अगर ठान लिया जाए,
समय नहीं है अब रुकने का
आओ, मिलकर बढ़ा जाए

मैं, आप सभी का आह्वान करता हूं कि आइए उत्तराखण्ड की इस विकास यात्रा में सहभागी बनें और प्रदेश को प्रगति के मार्ग पर आगे लेकर जाएं।

भारत माता की जय
जय हिंद - जय उत्तराखण्ड

विकल्प रहित
संकल्प

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

महिला हेल्पलाइन नं. 1090, किसान कॉल सेंटर नं. 1551, सी.एम. हेल्पलाइन नं. 1905, चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098, आयुष्मान उत्तराखण्ड हेल्पलाइन नं. 104, आपदा कॉल सेंटर नं. 1070